एमसीएल में राजभाषा पखवाड़ा-2019 का उद्घाटन समारोह सम्पन्न

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय, जागृति विहार में दिनांक 14 सितम्बर,2019 को एमसीएल के वरिष्ठ सलाहकार श्री लीला नन्द मिश्रा की अध्यक्षता में हिंदी दिवस मनाया गया एवं राजभाषा पखवाड़ा-2019 का उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह में प्रोफेसर के.पी. गुप्त, पूर्व विभागाध्यक्ष(हिंदी), जीएम विश्वविद्यालय, संबलपुर तथा डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा,पूर्व हिंदी प्राध्यापक, हिंदी शिक्षण योजना,संबलपुर, भारत सरकार, अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। मुख्यालय के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष गण एवं सभी विभागों के अधिकारी/कर्मचारीगण समारोह में उपस्थित हुए।

अध्यक्ष महोदय ने अपने आशीर्वचन में कहा कि हिंदी या राजभाषा का प्रचार-प्रसार उत्तरोतर द्रुत गति से हो रहा है, हमें कार्यालयीन कार्यों में सरल,सहज एवं बोलचाल में प्रयुक्त हिंदी का प्रयोग करना चाहिए ताकि इसे अपनाना आसान हो। हिंदी ही एक ऐसी भाषा है जो देश को एकता के सूत्र में पिरोती है। विदेशों में जो भारतीय निवासरत हैं वे भी वहां हिंदी का प्रचार-प्रसार तेजी से कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा लगभग 60 देशों में निकाली जाती है, जो भारतीय संस्कृति का प्रभाव है। हमारा देश विभिन्न भाषा-भाषी एवं संस्कृति का देश है। भारत के हर प्रांत के लोग विदशों में अपनी संस्कृति की छाप छोड़ रहे हैं। हिंदी एक वैज्ञानिक भाषा है जो हमारा राष्ट्रीय गौरव है। इस अवसर पर माननीय गृहमंत्री, कोयला मंत्री, भारत सरकार एवं अध्यक्ष महोदय, कोल इंडिया लिमिटेड के संदेश का वाचन किया गया।

विशिष्ट वक्ता प्रोफेसर के.पी. गुप्त ने कहा कि राजभाषा हिंदी को राजाश्रय प्राप्त है अत: इसके विकास में कोई बाधा नहीं होनी चाहिए। हमें बोलचाल की भाषा में राजभाषा हिंदी का प्रयोग करना चाहिए न कि अनुवाद की भाषा के रूप में। आगे उन्होंने हिंदी की विभिन्न विधाओं पर प्रकाश डाला। अंत में उन्होंने बड़ी ही सुन्दर स्वरचित कविता पढ़कर वक्तव्य को समाप्त किया ।

अतिथि वक्ता डॉ. हरिश्चन्द्र शर्मा ने भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाषा का विकास ही मनुष्य के विकास का मूल है। न भाषा होती, न हम होते। मनुष्य के जन्म से मृत्यु तक उसके विकास के हर चरण में भाषा का योगदान होता है। अतः मातृभाषा के विकास के साथ-साथ राजभाषा में कार्यालयीन कार्य करके हम अपने काम को और अधिक पारदर्शी बनाने के साथ-साथ देश सेवा के पुनीत कार्य में अपने स्तर पर अपना योगदान दे सकते हैं तथा औरों के लिए प्रेरणा के स्रोत बन सकते हैं।

अध्यक्ष महोदय ने पुष्पगुच्छ,शॉल एवं श्रीफल से अतिथियों को सम्मानित किया। अध्यक्ष महोदय एवं अतिथियों द्वारा मंगलदीप प्रज्ज्वलन के साथ समारोह आरंभ हुआ। इसके पूर्व महाप्रबंधक (राजभाषा) श्री प्रसाद ने अध्यक्ष महोदय एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमें कार्यालयीन कार्यों में अधिक से अधिक राजभाषा हिंदी का प्रयोग करना चाहिए, हमारे देश के माननीय प्रधान मंत्री विदेशों में अपने भाषण हिंदी में दे रहे हैं, जो हमारे प्रेरणा स्रोत है। पखवाड़े के दौरान आयोजित होनेवाली विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभागिता करने हेतु अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री बी.आर.साहू कलिहारी, सहायक प्रबंधक(सचिवीय/राजभाषा) श्रीमती तूलिका बिश्वास, सहायक प्रबंधक(राजभाषा) एवं राजभाषा टीम की भूमिका सराहनीय रही।

MCL

श्री एल.एन.मिश्रा
वरिष्ठ सलाहकार,एमसीएल

MCL
हिंदी दिवस
एवं
राजभाषा पखवाड़ा का उद्घाटन समारोह
दिनांक:14 सितंबर, 2019
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर -768020
श्री एल.एन.मिश्रा

MCL
हिंदी दिवस
एवं
राजभाषा पखवाड़ा का उद्घाटन समारोह
दिनांक:14 सितंबर, 2019
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड